कोटद्वार, शुक्रवार
26 सितम्बर 2025
वर्षः 47
अंकः 140 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### फेसबुक पर लाइव आकर युवक ने गंगनहर में छलांग लगाई, मौत

रुड़की। एक युवक ने फेसबुक पर लाइव आकर गंगनहर में छलांग लगा दी। जिस समय यह घटना हुई। उस समय उसका रिश्तेदार उसे रोकने का प्रयास कर रहा था। सुबह युवक का शव गंगनहर से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है पुलिस के मुताबिक सिदार्थ चौधरी (22) निवासी महलकी थाना जानसट, उप्र पश्चिमी बंगाल में प्राइवेट नौकरी करता था। वह 22 सितंबर को रुड़की के चावमंडी स्थित अपने रिश्तेदार के यहां पर आया था। सिदार्थ चौधरी का मुजफ्फरनगर, उप्र की कोर्ट में कोई मामला चल रहा है। बुधवार की रात करीब एक बजे वह किसी बात पर नाराज होकर घर से पैदल ही निकल गया। जाते जाते वापस नहीं आने की बात कही। इसके बाद उसका रिश्तेदार सार्थक चौधरी उसकी तलाश करने लगे। रात को करीब साढे बारह बजे सिदार्थ चौधरी उन्हें आसफनगर झाल पर दिखाई दिया। सार्थक चौधरी और उसके रिश्तेदार राहुल श्रीवास्तव ने उसे समझझने का प्रयास किया। पुलिस ने बताया कि इसी दौरान सिदार्थ ने मोबाइल निकाला। वह फेसबुक लाइव आया और गंगनहर में कूद गया। उसे गंगनहर में कूदते देख सार्थक चौधरी और उसका दोस्त राहुल दंग रह गये। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आये। पुलिस को भी सूचना दी गई। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे सिदार्थ का शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि युवक ने फेसबुक लाइव आकर गंगनहर में छलांग लगाई थी। युवक का शव बरामद किया गया है।

### फाइटर प्लेन की तेज गड़गड़ाहट से गूंजा आसमान

देहरादून। जौलीग्रांट स्थित देहरादून एयरपोर्ट क्षेत्र में सुबह करीब साढ़े आठ बजे आसमान में भारतीय वायुसेना के फाइटर प्लेन की तेज गड़गड़ाहट से आसमान गूंज उठा। गड़गड़ाहट सुनकर क्षेत्रवासी बाहर निकल आए। कुछ देर उड़ान भरने के बाद फाइटर प्लेन एयरपोर्ट पर उतरे और आधे घंटे बाद वापस अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए। बहरहाल इसे वायुसेना की रुटीन एक्सरसाइज बताया जा रहा है। जौलीग्रांट देहरादून एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार सुबह करीब 8:30 बजे लड़ाकू विमान मिराज आसमान में चक्कर मारने के बाद देहरादून एयरपोर्ट पर लैंड हुए। आधा घंटा रुकने के बाद करीब नौ बजे यह वापस अपने गंतव्य को वापस चले गए। एयरपोर्ट प्रशासन ने यह नहीं बताया कि यह विमान यह किस उद्देश्य आए थे । बहरहाल संभावना जताई जा रही है कि लड़ाकू विमान अभ्यास के तौर में आए थे।

### परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 163 लागू

हरिद्वार। नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार कुश्म चौहान ने अवगत कराया कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) द्वारा दिनांक 27 सितम्बर, 2025 (शनिवार) को उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय परीक्षा 2025 को दो पालियों में क्रमशः प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक एवं अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 04:30 बजे तक हरिद्वार नगर क्षेत्रान्तर्गत रा.क.इ.का. ज्वालापुर हरिद्वार, ज्वालापुर इ.का. ज्वालापुर हरिद्वार, पी.बी.म्यु.इ.का. मायापुर हरिद्वार, सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज मायापुर हरिद्वार के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायगी। उक्त आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षा को नकल विहीन, बाधारहित, सुव्यवस्थित, निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों के आस–पास 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 163 लागू की जाती है। नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार ने अवगत कराया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा–163 (पूर्व धारा 144 द.प्र.संहिता–1973) के प्राविधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये निषेधाज्ञा पारित की जाती है। उन्होंने हरिद्वार नगर क्षेत्र के उक्त परीक्षा केंद्रों के आस–पास की 200 मीटर की सीमा के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार अथवा अपर जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार अथवा उनके पूर्वानुमति के बिना पांच या पांच से अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे और न ही कोई सार्वजनिक सभा करेंगे और न ही जुलूस आदि निकालेंगे।

# जीएसटी में बड़ी कटौती के बाद पीएम मोदी का एक और ऐलान

### बोले– हम यहीं नहीं रुकेंगे, टैक्स और कम होगा



नोएडा ,नवरात्रि के पहले दिन (22 सितंबर) जीएसटी (त्रस्ञ्) में भारी कटौती का तोहफा देने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को एक और खुशखबरी दी है। उन्होंने भविष्य में टैक्स दरों में और भी कमी किए जाने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा कि जैसे–जैसे देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, आम आदमी पर टैक्स का बोझ भी कम होता जाएगा। गुरुवार को उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है। लेकिन मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम यहीं नहीं रुकने वाले। देशवासियों के आशीर्वाद से जीएसटी रिफॉर्म का यह सिलसिला निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने वादा किया कि जैसे–जैसे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, टैक्स का बोझ कम किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने 2014 से पहले और आज के टैक्स स्ट्रक्चर की तुलना करते हुए बचत का पूरा गणित समझाया। उन्होंने कहा, अगर कोई परिवार 2014 से पहले साल में एक लाख रुपये का सामान खरीदता था, तो उसे लगभग 25 हजार रुपये टैक्स देना पड़ता था। लेकिन अब 'नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटीझ् के बाद उसी एक लाख की खरीदारी पर सिर्फ 5 से 6 हजार रुपये का टैक्स ही देना पड़ेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 2014 से पहले एक हजार रुपये की शर्ट पर 117 रुपये टैक्स लगता था, जो अब घटकर सिर्फ 35 रुपये रह गया है। इसी तरह, टूथपेस्ट और शैंपू जैसे रोजमर्रा के सामान पर जहां पहले 31त्न टैक्स लगता था, वह अब काफी कम हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने विशेष रूप से वाहनों पर टैक्स कटौती से हुए लाभ का जिक्र करते हुए बताया कि इसका फायदा किसानों से लेकर मध्यम वर्ग तक सभी को मिला है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जहां एक ट्रैक्टर खरीदने पर 70 हजार रुपये से अधिक का टैक्स लगता था, वह अब घटकर मात्र 30 हजार रुपये रह गया है, जिससे किसानों को हर ट्रैक्टर पर सीधे 40 हजार रुपये की बचत हो रही है। इसी क्रम में, थ्री–व्हीलर पर लगने वाला टैक्स 55 हजार से कम होकर 35 हजार रुपये हो गया है, जिससे 20 हजार रुपये की बचत होती है। इसके अतिरिक्त, आम आदमी की सवारी यानी टू–व्हीलर भी सस्ते हुए हैं; 2014 की तुलना में अब एक स्कूटर 8 हजार और मोटरसाइकिल 9 हजार रुपये तक सस्ती हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुधारों से गरीब और मध्यम वर्ग, सभी की बचत सुनिश्चित हुई है।

### यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में दारोगा समेत दो पुलिसकर्मी निलंबित

हरिद्वार। यूकेएसएसएससी (उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग) पेपर लीक मामले में एक तरफ जहां पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई कर रही है तो वहीं दूसरी ओर उन अधिकारियों पर भी गाज गिर रही है, जिनकी लापरवाही के वजह से पेपर लीक हुआ है। असिस्टेंट प्रोफेसर सुमन और सेक्टर मजिस्ट्रेट सस्पेंड होने के बाद अब दारोगा समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। दोनों पुलिसकर्मियों की ड्यूटी आदर्श बाल सदन इंटर कॉलेज बहादरपुर जट हरिद्वार पर थी। हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल की तरफ से दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है। निलंबित पुलिसकर्मियों में सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार और कांस्टेबल ब्रह्मदत्त जोशी हैं। दोनों पुलिसकर्मियों पर परीक्षा केंद्र में ड्यूटी के दौरान संवेदनशीलता और सतर्कता न बरतने का आरोप है। हरिद्वार एसएसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों की इस लापरवाही को गंभीरता से लिया और दोनों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई का आदेश पारित किया है। एसएसपी डोबाल ने साफ कहा कि ऐसे संवेदनशील मामलों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही इस मामले की जांच सीओ रुड़की नरेंद्र पंत को दी है। एसएसपी ने एक हफ्ते में जांच पूरी कर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है।

# नंदानगर में एक और व्यक्ति का शव बरामद

### नंदानगर के आपदा प्रभावित क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान हुआ पूरा
### प्रशासन की तत्परता से सभी लापता लोगों की खोज हुई पूरी



जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : तहसील नंदानगर घाट क्षेत्र में आपदा से प्रभावित गांवों में प्रशासन और रेस्क्यू टीम द्वारा लगातार चलाया गया रेस्क्यू अभियान अब पूरा हो गया है। गुरुवार को गुमान सिंह पुत्र चन्द्र सिंह (उम्र 75) का शव बरामद कर लिया गया हैं। इससे पूर्व मंगलवार को धुर्मा गांव से ही लापता ममता देवी पत्नी विक्रम सिंह (उम्र 38) का शव भी बरामद किया गया था।

नंदानगर घाट में 17 सितम्बर की रात आई आपदा में कुंतरी लगाफली, कुंरती सरपाणी और धुर्मा के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों से कुल 10 लापता लोगों में से 1 व्यक्ति को सकुशल बचा लिया गया था, जबकि कुंतरी लगाफली, सरपाणी से शेष 7 के शव रेस्क्यू टीम द्वारा पूर्व में ही खोजकर उनके परिजनों को सौंप दिए गए थे, हलांकि धुर्मा में बचें 2 लापता लोगों में एक (ममता देवी) को बीते मंगलवार को रेस्क्यू टीम द्वारा खोज लिया गया था, जबकि गुरूवार को अंतिम लापता व्यक्ति गुमान सिंह को रेस्क्यू टीम ने काफी प्रयास के बाद खोजने में सफलता प्राप्त की। इस प्रकार रेस्क्यू टीम द्वारा सभी लापता लोगों की खोज पूरी कर ली गई है। प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से लगातार चलाए गए इस अभियान में सभी संभव प्रयास किए गए और प्रशासन ने प्रभावित परिवारों तक राहत एवं आवश्यक सहयोग पहुंचाने के लिए पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य किया, राहत कार्य अभी भी जारी हैं। 15 एनडीआरएफ बटालियन की टीम जिसका नेतृत्व निरीक्षक जीडी राजवर्धन सिंह और अन्य 32 रेस्क्यूअर तथा 2 डॉग स्काउट के साथ गुरूवार को लगातार सातवें दिन मोख नदी किनारे सर्च अभियान कर अंतिम लापता व्यक्ति गुमान सिंह के शव को खोज निकलने में सफलता प्राप्त की।

# शहीदों की शौर्यगाथा और बलिदान सदैव हमें देते रहेंगे प्रेरणा : धामी

### मुख्यमंत्री ने किया शहीद सम्मान यात्रा 2 का शुभारम्भ



जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को शहीद राईफल मैन नरेश कुमार के गुजराड़ा मानसिंह सहस्त्रधारा रोड़ स्थित आवास से शहीद सम्मान यात्रा 2 का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले शहीद राईफलमैन नरेश कुमार के चित्र पर माल्यार्पण के साथ ही शहीद स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीद नरेश कुमार के परिजनों से भेंट कर उनके आंगन की मिट्टी का भी संग्रहण किया। उन्होंने शहीद के परिजनों को शहीद सम्मान समारोह में शामिल होने का भी आमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा देहरादून के गुनियाल गांव मे शौर्य स्थल (सैन्य धाम) का निर्माण कराया गया है, जिसमें प्रदेश के सभी शहीद सैनिकों के घर-आंगन की पवित्र मिट्टी स्थापित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहीद सम्मान यात्रा उन अमर बलिदानियों को समर्पित है, जिनकी शौर्यगाथा और बलिदान सदैव हमें प्रेरणा देते रहेंगे। हमारे शहीदों ने अपना आज हमारे कल के लिए न्यौछावर किया है। उनके त्याग और पराक्रम के कारण ही हम सब सुरक्षित और स्वतंत्र हैं। मुख्यमंत्री ने श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि शहीदों का बलिदान हमें यह सिखाता है कि जीवन का वास्तविक मूल्य त्याग, सेवा और समर्पण में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शहीदों के परिजनों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनायें संचालित की जा रही हैं। प्रदेश में वर्ष 2018 से अब तक 28 शहीद आश्रितों को उनकी योग्यता अनुसार नियुक्ति दी जा चुकी है और 13 की नियुक्ति प्रक्रिया गतिमान है। शहीदों के परिजनों को एकमुश्त अनुग्रह अनुदान जो पहले 10 लाख रुपये थी, जिसे बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया है। इसी प्रकार उत्तराखण्ड़ के परमवीर चक्र अलंकृत सैनिकों एवं उनकी विधवाओं को दी जाने वाली राशि 50 लाख रूपये से बढ़ाकर अब 1.50 करोड़ रूपये कर दी गयी है। उत्तराखण्ड़ देश का पहला राज्य है जहां पूर्व सैनिकों को ब्लॉक प्रतिनिधि नियुक्त मानदेय प्रदान किया है वर्तमान में यह मानदेय 8,000 रुपये प्रतिमाह है, जिसे बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रतिमाह किया गया है।

### वीवीआईपी इलाके में एटीएस के आईजी से ही लूट

भोपाल ,मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जिसने राज्य की कानून–व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के सबसे सुरक्षित माने जाने वाले चार इमली वीवीआईपी इलाके में मंगलवार देर रात बेखौफ बाइक सवार बदमाशों ने इंटेलिजेंस एवं एटीएस के आईजी डॉ. आशीष को निशाना बनाया और उनके दो मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। यह घटना उस वक्त हुई जब वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. आशीष रात करीब 10 बजे डिनर के बाद अपनी पत्नी के साथ टहल रहे थे। सूत्रों के अनुसार, छीने गए एक मोबाइल फोन में कई संवेदनशील और गोपनीय जानकारियां मौजूद थीं, जिसके बाद से ही सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। घटना के तुरंत बाद पुलिस हरकत में आई और करीब 20 मिनट के भीतर ही एक फोन घटनास्थल के पास से बरामद कर लिया। माना जा रहा है कि फोन के एडवांस सिक्योरिटी फीचर्स को देखकर बदमाशों ने उसे फेंक दिया होगा।

# मुनस्यारी और पिथौरागढ़ के बीच 1 अक्तूबर से होगी हेली सेवा शुरू



पिथौरागढ़। एक अक्तूबर से जिला मुख्यालय से मुनस्यारी के लिए हेलिकॉप्टर उड़ान भरेगा। इससे पर्यटकों, मरीजों के साथ ही क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। इससे पर्यटन कारोबार भी रफ्तार मिलने की उम्मीद जगी है। जिला मुख्यालय से मुनस्यारी के लिए हेलिकॉप्टर सेवा पहली बार शुरू होने जा रही है। एक अक्तूबर से शुरू होने वाली हवाई सेवा रोजाना संचालित होगी। हेलिकॉप्टर जिला मुख्यालय और मुनस्यारी के बीच रोजाना दो फेरे लगाएगा। छह सीटर हेलिकॉप्टर के उड़ान भरने से पर्यटकों की आवाजाही सुगम होगी। हेली सेवा का पर्यटन नगरी के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हेरिटेज एविएशन कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, हेलिकॉप्टर का एक तरफ का किराया 2500 रुपये होगा। सड़क से पांच से छह घंटे का थकावट भरा सफर सिर्फ 12 से 15 मिनट में तय होगा। इस सेवा के शुरू होने से होटल एसोसिएशन, मल्ला जोहार विकास समिति, प्रधान संगठन, तल्ला जोहार सहित विभिन्न संगठनों ने खुशी जताते हुए हेरिटेज एविशन का आभार जताया है। गंभीर मरीजों को समय पर पहुंचाया जा सकेगा अस्पतालः जिले की दुर्गम तहसील मुनस्यारी आपदा की दृष्टि से संवेदनशील है। यहां आए दिन हादसे होते हैं। गंभीर मरीजों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय लाने में पांच से छह घंटे का समय लगता है। ऐसे में समय पर इलाज नहीं मिलने से मरीजों की जान आफत में पड़ जाती है। हेलिकॉप्टर सेवा शुरू होने से मरीजों और दुर्घटना के घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा।

# लद्दाख में राज्य के दर्जे को लेकर बवाल, लेह में उग्र हुए जेन जेड

### बीजेपी ऑफिस और सीआरपीएफ की गाड़ी में लगाई आग



जम्मू ,केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में पूर्ण राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर चल रहा आंदोलन हिंसक हो गया है। बुधवार को लेह में छात्रों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों ने गुस्से में भाजपा कार्यालय और सीआरपीएफ की एक गाड़ी में आग लगा दी। लद्दाख के पर्यावरणविद् और शिक्षक सोनम वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वे राज्य का दर्जा बहाल करने और आदिवासी अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर लेह शहर में हजारों लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। बुधवार को आंदोलन 14वें दिन में प्रवेश कर गया। सुबह प्रदर्शन के दौरान दो महिला प्रदर्शनकारियों अंचुक और अंचुक डोल्मा की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद भीड़ भड़क गई और लेह हिल काउंसिल भवन पर पथराव कर दिया। हालात बिगड़ने पर प्रदर्शनकारियों ने भाजपा कार्यालय पर हमला कर वहां आगजनी की और सीआरपीएफ के वाहन को भी नुकसान पहुंचाया। पुलिस पर भी पथराव किया गया। हिंसक होते हालात को देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील इमारतों और विरोध स्थलों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी है। बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है ताकि स्थिति को नियंत्रित रखा जा सके। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर 6 अक्टूबर को निर्णय की तारीख तय की है, लेकिन लद्दाख के लोग अब और इंतजार करने को तैयार नहीं हैं। एक आंदोलनकारी नेता ने कहा, हम तत्काल कार्रवाई चाहते हैं, लद्दाख अब और प्रतीक्षा नहीं कर सकता। कारगिल में आंदोलन समिति के सदस्य सज्जाद करगली ने बताया कि गुरुवार को कारगिल पूरी तरह बंद रहेगा।

### अरविंद केजरीवाल को जल्द मिलेगा सरकारी बंगला

नई दिल्ली दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल को जल्द सरकारी बंगला मिल सकता है। गुरुवार को केजरीवाल के लिए दिल्ली में सरकारी बंगला आवंटन के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को आश्वासन दिया कि नियमों के अनुसार अगले 10 दिनों के भीतर केजरीवाल को सरकारी बंगला आवंटित कर दिया जाएगा। आम आदमी पार्टी की ओर से वकील ने कोर्ट से मांग की कि केजरीवाल को टाइप–8 या टाइप–7 श्रेणी का बंगला आवंटित करने का आदेश दिया जाए। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने टिप्पणी की कि आम आदमी टाइप–8 बंगले के लिए नहीं लड़ा करते। हाईकोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन को रिकॉर्ड पर लेते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया और कहा कि वह इस मुद्दे पर जल्द फैसला सुनाएगा। सॉलिसिटर जनरल ने फिर से भरोसा दिलाया कि नियम के मुताबिक केजरीवाल को बंगला अलॉट किया जाएगा। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्रालय की कार्यप्रणाली पर ध्यान देना जरूरी है, जो न सिर्फ राजनेताओं, बल्कि गैर–राजनेताओं के लिए भी है। कोर्ट ने इस मामले को एक ऐसे मुद्दे के रूप में देखा, जिसका समाधान जरूरी है।

# रक्षा क्षेत्र में भारत को बड़ी कामयाबी, पहली बार रेल लॉन्चर से अग्नि–प्राइम मिसाइल का सफल परीक्षण



नई दिल्ली , भारत ने रक्षा क्षेत्र में एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि–प्राइम का सफल परीक्षण किया है। इस परीक्षण की सबसे खास बात यह रही कि मिसाइल को पहली बार विशेष रूप से डिजाइन किए गए रेल आधारित मोबाइल लॉन्चर सिस्टम से दागा गया। यह परीक्षण अपनी तरह का पहला है और भारत की रणनीतिक क्षमताओं में एक नया अध्याय जोड़ता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल से इसकी जानकारी साझा की और परीक्षण का वीडियो भी जारी किया। उन्होंने बताया कि यह लॉन्चर सिस्टम बिना किसी पूर्व तैयारी के देशभर के रेल नेटवर्क पर कहीं से भी चल सकता है और कम समय में जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम है। इसकी सहायता से मिसाइल की लो विजिबिलिटी में भी लॉन्चिंग की जा सकती है, जो रणनीतिक दृष्टिकोण से बेहद अहम है। राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर सामरिक बल कमान और सशस्त्र बलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस सफल परीक्षण के साथ भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है जिनके पास रेल आधारित मोबाइल कैनिस्टराइज्ड लॉन्च सिस्टम विकसित करने की क्षमता है। अग्नि–प्राइम मिसाइल को छ्रक्रष्ठह्र ने डिजाइन और विकसित किया है। यह मिसाइल 2000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता रखती है और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। यह नई पीढ़ी की मिसाइल है, जिसे कई आधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है और यह उच्च सटीकता के साथ अपने लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है। गौरतलब है कि भारत के पास पहले से अग्नि–1 से लेकर अग्नि–5 तक की मिसाइल श्रृंखला मौजूद है।

# 100 साल से हो रही रामलीला पर अब क्यों टूटी नींद?

### एससी ने याचिकाकर्ता को लगाई फटकार, आयोजन को दी मंजूरी



नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के टुंडला में एक स्कूल मैदान पर 100 वर्षों से चल रहे रामलीला उत्सव पर रोक लगाने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने रामलीला के आयोजन को इस शर्त पर हरी झंडी दे दी कि इससे छात्रों की पढ़ाई या खेलकूद की गतिविधियों में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। तीन जजों की पीठ की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस सूर्यकांत ने इस मामले में जनहित याचिका दायर करने वाले याचिकाकर्ता से बेहद सख्त सवाल किए। जस्टिस कांत ने पूछा, यह उत्सव तो पिछले 100 सालों से होता आ रहा है। फिर अब आपने आखिरी समय में कोर्ट का रुख क्यों किया? आप पहले क्यों नहीं आए? जब याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आयोजन से स्कूल में पढ़ाई प्रभावित हो रही है, तो जस्टिस कांत ने फिर सवाल किया, लेकिन आप न तो छात्र हैं, न ही छात्र के अभिभावक और न ही संपत्ति के मालिक हैंज् फिर आपने जनहित याचिका क्यों डाली? कोर्ट ने यह भी पूछा कि छात्रों या अभिभावकों की तरफ से कोई शिकायत क्यों नहीं आई है।

इससे पहले, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पाया था कि रामलीला के लिए स्कूल के खेल के मैदान में सीमेंट की इंटरलॉकिंग टाइलें बिछाई जा रही हैं और स्कूल के गेट का नाम बदलकर 'सीता राम द्वारझ् कर दिया गया है। हाईकोर्ट ने माना था कि इससे बच्चों की पढ़ाई और खेल के मैदान का अधिकार प्रभावित हो सकता है, जिसके चलते उसने आयोजन पर रोक लगा दी थी। हाईकोर्ट के इसी आदेश के खिलाफ रामलीला महोत्सव समिति ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्ज्वल भुयान और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने रामलीला आयोजन समिति की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा, चूंकि उत्सव शुरू हो चुके हैं, इसलिए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई जाती है। वहां इस शर्त के साथ उत्सव जारी रहेंगे कि बच्चों के खेलने या खेल गतिविधियों में कोई बाधा नहीं आएगी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से इस मामले में सभी पक्षों को विस्तार से सुनने का भी अनुरोध किया है।

### पूर्व प्रेमिका ने बात करने से किया इंकार तो फेंका तेजाब

मेरठ ,उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक युवक ने पूर्व प्रेमिका के बात नहीं करने पर उस पर तेजाब से हमला करवा दिया, जिसमें महिला गंभीर रूप से झुलस गई है।

पुलिस ने मुठभेड़ में आरोपी महेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। लोहिया नगर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात नाबालिग व्यक्ति ने युवती पर तेजाब से हमला कर दिया, जिसमें उसका हाथ और शरीर का कुछ हिस्सा झुलस गया था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। जांच में पता चला कि वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपी ने एक नाबालिग को पैसों का लालच दिया था। सीओ कोतवाली अंतरिक्ष जैन ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए चार टीम का गठन किया गया था।

# यूएन में तीन घटनाएं : ट्रंप ने साजिश का लगाया आरोप



न्यूयॉर्क , अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की यात्रा के दौरान उनके खिलाफ तीन बहुत ही भयावह घटनाएं हुईं। उन्होंने कहा कि सीक्रेट सर्विस इसकी जांच करेगी। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र में विश्व नेताओं को संबोधित किया। उन्होंने संस्था पर हमला बोला कि वह अपनी क्षमता को बर्बाद कर रही है। उन्होंने यूरोपीय सहयोगियों की रूस–यूक्रेन संघर्ष को संभालने की आलोचना की। साथ ही, उन पर आव्रजन नीतियों को अपनाने का आरोप लगाया, जिनके बारे में उन्होंने कहा कि वे उनके देशों को नर्क की ओर ले जा रही हैं।

अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने कहा कि उनकी यात्रा के दौरान हुई असामान्य दुर्घटनाएं महज संयोग नहीं थीं। वह एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। ट्रंप के अनुसार, पहली घटना तब घटी जब उन्हें और उनके साथियों को ले जा रहा एस्केलेटर अचानक तेज आवाज के साथ रुक गया। उन्होंने इस घटना पर जवाबदेही की मांग की।

## सम्पादकीय

### मिलावटखोरी पर सख्त शासन

मिलावटखोरी के बाजार में अब धार्मिक आयोजनों को निशाना बनाया जा रहा है। नवरात्रि के पवित्र आयोजन में भी मिलावट खोरों ने लोगों की सेहत से खिलवाड़ करना नहीं छोड़ा। राजधानी देहरादून में गत नवरात्र में जहरीला कुट्टू का आटा खाने से सौ से अधिक लोग बीमार हो गए थे जिन्हें अलग–अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। इस आटे को खाने के बाद मचे हड़कंप से पूरा शासन प्रशासन हिल गया था और स्वयं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना का संज्ञान लेते हुए मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए थे। इस बार भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवरात्रि की शुरुआत से पहले ही प्रदेश घर में मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के संकेत दे दिए थे। इसके तहत कुट्टू का आटा बेचने को लेकर नियम कानून भी निर्धारित किए गए। इससे पहले होली में भी प्रशासन की तरफ से मिलावटी दुग्ध उत्पादों को लेकर अभियान चलाया गया था और इसी तरह कड़ी कार्रवाई के आदेश भी दिए गए थे लेकिन लगता है कि मिलावटखोरों का सिंडिकेट अपनी गहरी जड़े पसार चुका है जिन्हें काटना अब सिस्टम के लिए मुश्किल होता जा रहा है। त्योहारों पर मिलावटखोरों की चांदी न हो ऐसा संभव नहीं है। विशेष तौर पर त्योहारों में मिलावटखोरों एवं काला बाजारियों की प्राथमिकता पर रहती है और होली के बाद ईद और नवरात्रि मिलावट खोरों के निशाने पर है। हालांकि राहत की बात यह है कि इस बार नवरात्रि में कुट्टू के आटे को लेकर कोई बड़ी सूचना प्रकाश में नहीं आई है और इसके पीछे नवरात्र पर्व वह शुरू होने से पूर्व ही सरकार द्वारा उठाए गए कदम को महत्वपूर्ण माना जा सकता है। उत्तराखंड में कुट्टू के आटे का चलन अधिक नहीं देखा गया है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से व्रत रखने वाले लोग इसका सेवन करने लगे हैं। यह वाकई हैरान करता है कि आखिर इतनी आपूर्ति कहां से होती है और जो भी माल उत्तराखंड में बेचा जा रहा है उसकी जांच और गुणवत्ता की परख का पैमाना क्या है? त्योहारों के समय सप्लाई होने वाले खाद्य पदार्थ खास तौर से उत्तराखंड में इसलिए बिक रहे हैं क्योंकि यहां मिलावटखोरी को रोकने वाले विभाग निष्क्रिय और उदासीन बने हुए हैं। यह उपभोक्ताओं का दुर्भाग्य ही है कि खाद्य विभाग कुंभकरण की नींद सोता है और बिना रोक–टोक के पूरे प्रदेश के अंदर जहरीला मिलावट का सामान बिकता रहता है। समय आ गया है कि जन स्वास्थ्य को देखते हुए अब मिलावटखोरों के खिलाफ गंभीरता से कारवाई हो और इनके गढ़ को ध्वस्त किया जाए। अच्छी बात यह है कि उत्तराखंड सरकार मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने को लेकर अपने मंसूबे जाहिर कर चुकी है और कहीं ना कहीं इसका असर इस बार देखने को भी मिला है।

## नरेन्द्र मोदी: राजनीतिक अभिजात वर्ग को चुनौती देने वाले जननायक

**शिवराज सिंह चौहान**



भारतीय राजनीति में नरेन्द्र मोदी के उदय को विशेषाधिकार के पारंपरिक लेंस से नहीं समझा जा सकता। राजनीतिक वंशों में पले–बढ़े अनेक नेताओं के विपरीत, मोदी और उनकी नेतृत्व शैली ज़मीन से उभरी है, जिसने उनके संघर्ष, वर्षों से ज़मीनी स्तर पर किए गए कार्यों और सरकार के विभिन्न स्तरों पर प्राप्त व्यवहारिक अनुभवों से आकार लिया है। उनका करियर मात्र एक व्यक्ति के उत्थान को ही प्रदर्शित नहीं करता, बल्कि यह भारत में अभिजात वर्ग द्वारा संचालित राजनीति की नींव के लिए एक चुनौती भी है।वडनगर के एक साधारण परिवार में जन्मे मोदी का बचपन ज़िम्मेदारी और सादगी से भरपूर रहा। बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए चैरिटी स्टॉल लगाने से लेकर स्कूली छात्र के रूप में जातिगत भेदभाव पर आधारित नाटक लिखने तक, उन्होंने अल्पायु में ही संगठनात्मक कौशल और सामाजिक सरोकार का अद्भुत मिश्रण प्रदर्शित किया। उन्होंने वंचित सहपाठियों के लिए पुरानी किताबें और वर्दियाँ इक्ा करने के अभियान भी चलाए, जो इस बात का प्रारंभिक संकेत था कि वह नेतृत्व को किसी विशेषाधिकार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा के रूप में देखते हैं। इन छोटे–छोटे प्रयासों ने उनके द्वारा सार्वजनिक जीवन में अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण का पूर्वाभास करा दिया।

उनकी मूलभूत प्रवृत्तियाँ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में और भी प्रखर हुईं, जहाँ साधारण कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों से घुलने–मिलने, उनके जैसा जीवन व्यतीत करने और अपने आचरण के जरिए उनका विश्वास अर्जित करने का प्रशिक्षण दिया जाता था। एक युवा प्रचारक के तौर पर मोदी ने बिल्कुल वैसा ही किया। अक्सर बस या स्कूटर से गुजरात भर में यात्रा करते हुए, और भोजन व आश्रय के लिए ग्रामीणों पर निर्भर रहते हुए, उन्होंने साझा कठिनाइयों और संघर्षों के माध्यम से सभी वर्गों का विश्वास अर्जित किया। इस अनुशासन ने उन्हें उन लोगों के रोज़मर्रा के सरोकारों से जुड़े रहने में मदद की, जिनकी वे सेवा करना चाहते थे, और इसी ने उन्हें संकटकाल में संगठित, बड़े पैमाने पर कदम उठाने की आवश्यकता पड़ने पर प्रभावी ढंग से नेतृत्व करने के लिए भी तैयार किया।ऐसा ही एक संकट 1979 में मच्छू बांध के टूटने से आया था, जिसमें हज़ारों लोग मारे गए थे। 29 वर्षीय मोदी ने तुरंत स्वयंसेवकों को पालियों में संगठित किया, राहत सामग्री का प्रबंध किया, शवों को निकाला और परिवारों को सांत्वना दी। कुछ साल बाद, गुजरात में सूखे के दौरान, उन्होंने सुखड़ी अभियान का नेतृत्व किया, जो पूरे राज्य में फैल गया और लगभग 25 करोड़ रुपये मूल्य का भोजन वितरित किया गया। दोनों ही आपदाओं में, उन्होंने बिल्कुल आरंभ से ही बड़े पैमाने पर राहत प्रयास शुरू किए, जिससे उनके उद्देश्य की स्पष्टता, उनके सैन्य–शैली के संगठन और उनका इस आग्रह का परिचय मिला कि नेतृत्व का अर्थ केवल प्रतीकात्मकता नहीं, बल्कि सेवा है।इन शुरुआती घटनाओं ने जहाँ एक ओर लोगों को संगठित करने की उनकी क्षमता को परखा, वहीं आपातकाल ने दमन के दौर में उनके साहस की परीक्षा ली। मात्र 25 वर्ष की आयु में, एक सिख के वेश में, उन्होंने पुलिस निगरानी से बचने की कोशिश कर रहे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच संवाद कायम रखा। इस ज़मीनी नेटवर्क ने क्रूर शासन के विरुद्ध प्रतिरोध को जीवित रखा, जिससे उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में ख्याति मिली।

इन्हीं कौशलों का उपयोग जल्द ही चुनावी राजनीति में भी किया गया। भाजपा – गुजरात के संगठन मंत्री के रूप में, उन्होंने पार्टी का विस्तार नए समुदायों तक किया, जिनमें राजनीतिक विमर्श में हाशिए पर पड़े लोग भी शामिल थे। उन्होंने विविध पृष्ठभूमियों के नेताओं को तैयार किया, ज़मीनी स्तर पर समर्थन जुटाया और पूरे गुजरात में लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ–अयोध्या रथ यात्रा जैसे बड़े आयोजनों की योजना बनाने में मदद की। बाद में, विभिन्न राज्यों के प्रभारी के रूप में उन्होंने बूथ स्तर तक मज़बूत पार्टी तंत्रों का निर्माण किया।

साल 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होने पर उन्होंने ये सबक शासन में लागू किए। उदाहरण के लिए, पदभार ग्रहण करने के चंद घंटे बाद ही उन्होंने साबरमती में नर्मदा का जल लाने के विषय में एक बैठक बुलाकर इस बात का संकेत दिया कि निर्णायक कार्रवाई उनके प्रशासन को परिभाषित करेगी। उनका दृष्टिकोण शासन को एक जन आंदोलन बनाना था, जहाँ प्रवेशोत्सव ने स्कूलों में नामांकन को प्रोत्साहित किया, कन्या केलवणी ने बालिकाओं की शिक्षा का समर्थन किया, गरीब कल्याण मेलों ने कल्याण को नागरिकों तक पहुँचाया,

## कृत्रिम बुद्धिमता का इस्तेमाल

एआई यानी आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम मेधा) का इस्तेमाल जिस तेजी से प्रचलित होता जा रहा है, वह कई तरह के संकट भी उपजा रहा है।

इसलिए संसद की समिति ने सरकार से एआई के मार्फत गढ़ी गई फर्जी खबरों को फैलाने वालों की पहचान करने और उन पर मुकदमा दायर करने के लिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित करने को कहा है।

संचार व सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थाई समिति ने मसौदा रिपोर्ट में सूचना–प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय व अन्य संबंधित मंत्रालयों के बीच सहयोग का आग्रह भी किया है।

हालांकि समिति के सुझाव सरकार के लिए मान्य नहीं हैं मगर संसदीय समितियां संसद का प्रतिनिधित्व करती हैं और सरकार इस पर बार–बार विचार करती रही है इसलिए ठोस कानूनी व तकनीकी समाधान विकसित किया जा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार फर्जी खबरों का पता लगाने के लिए दो सॉफ्टवेयर प्रयोग हो रहे हैं। डीप लर्निंग फ्रेमवर्क व डीप फेक वीडियो, जिनके द्वारा फर्जी भाषण व फाइल का पता लगाने का प्रयास किया जाता है।

कृत्रिम बुद्धिमता के इस्तेमाल के प्रचलित होते ही घोटालेबाजों, उपद्रवियों व नफरत फैलाने वाले नकारात्मक लोगों द्वारा फर्जी खबरों या तस्वीरों का प्रयोग किया जा रहा है। गूगल समेत सभी तकनीकी कंपनियां कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग को सच बनाकर प्रचारित करने में पीछे नहीं रहना चाहती।

बेशक फर्जी खबरों या वीडियो के मार्फत केवल राजनीतिक दलों को ही नुकसान नहीं पहुंचाया जा रहा बल्कि जानी–मानी शख्सियतों या भीषण दुर्घटनाओं, प्राकृतिक आपदाओं व युद्धादि की खबरों को भी बढ़ा–चढ़ाकर या बीभत्स तरीके से प्रचारित किया जाता है।

फर्जी खबरों/वीडियो को समाज के लिए खतरे के तौर पर देखा जाता है।

इससे न सिर्फ नागरिकों में भय फैल सकता है बल्कि दंगे–फसाद या उन्माद भी बढ़ने की आशंका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स विभिन्न चरणों की जांच का आसान भले ही देते हैं मगर ओछी मानसिकता वाले फर्जी बातें, खबरें या तस्वीरों को वायरल करने से बाज नहीं आते।

हालांकि सरकार को सिर्फ अपने स्वार्थानुसार मुकदमे या कानून की बजाए एआई के किसी भी तरह के फर्जी/गलत या बदनियति से फैलाई खबरों/चित्रों पर रोकने या कानूनी कार्रवाई की कोशिशें करनी होगीं।

# लुत्फ उठाइए भविष्य के स्वाद का

केंद्रीय मंत्री के रूप में सितंबर 2024 में मेरा पहला वर्ल्ड फूड इंडिया (डब्ल्यूएफआई) मेरे लिए यादगार अनुभव रहा । उन चार दिनों के दौरान, मैंने खेत से लेकर भोजन की थाली तक के पूरे इकोसिस्टम : वैश्विक खरीदारों के साथ राज्यों के मंडप, प्रौद्योगिकी के प्रदर्शनों के साथ–साथ एफपीओ और एसएचजी, और निवेश घोषणाओं के साथ–साथ नीतिगत संवाद को – एक साथ आते देखा। इसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत को विश्व की खाद्य टोकरी बनाने के एक रणनीतिक मंच के रूप में डब्ल्यूएफआई की भूमिका की पुष्टि की

उस अनुभव ने 2025 की रूपरेखा तैयार की । खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की यात्राओं, उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ संवाद तथा गल्फूड और डब्ल्यूईएफ जैसे वैश्विक मंचों पर भागीदारी से मेरी यह धारणा और ज्यादा प्रबल हुई कि दुनिया को भारत की कृषि–खाद्य विविधता और क्षमताओं को देखने की जरूरत पहले से कहीं अधिक है । हमने अगले संस्करण को और भी ज्यादा साहसिक और परिणाम–केंद्रित बनाने, नवाचार को निवेश में बदलने और भारत को विश्वसनीय वैश्विक खाद्य केंद्र के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया।

इस महत्वाकांक्षा को नीतिगत अनुकूल परिस्थितियों, खासकर अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से बल मिला है। अधिकांश प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों पर पाँच या शून्य प्रतिशत कर लगाकर, इन सुधारों ने इस क्षेत्र के लिए अनुकूल और प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार किया है।

इस पृष्ठभूमि के साथ, हम 25 से 28 सितंबर तक डब्ल्यूएफआई 2025 की मेज़बानी के लिए तैयार हैं। इसका उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री करेंगे, जो इस क्षेत्र के लिए सरकार की उच्च प्राथमिकता को इंगित करता है। इस संस्करण में न्यूज़ीलैंड और सऊदी अरब भागीदार देश होंगे, जबकि जापान, संयुक्त अरब अमीरात, वियतनाम और रूस फ़ोकस देश होंगे। सहकारी संघवाद का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 21 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्थानीय खूबियों की झलक दिखाने वाले मंडपों के साथ इस आयोजन को समृद्ध करेंगे। डब्ल्यूएफआई प्रमुख प्रदर्शनियों और बी2बी मंचों के साथ ही साथ, एफएसएसएआई द्वारा तीसरे वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन और एसईएआई द्वारा 24वें इंडिया इंटरनेशनल सीफूड शो की मेज़बानी करेगा।

डब्ल्यूएफआई पूरी तरह सरकारी तंत्र की शक्ति से संचालित होता है। जहाँ एक ओर, हमारा मंत्रालय नेतृत्व करता है, वहीं हम मूल्य श्रृंखला के सभी मंत्रालयों जैसे – पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य पालन, वाणिज्य, डीपीआईआईटी, कृषि एवं किसान कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय और उनके अधीन एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं ताकि उत्पादन, मानक, व्यापार और निवेश आपसी तालमेल से आगे बढ़ सकें।

डब्ल्यूएफआई का एजेंडा पाँच प्रमुख स्तंभों: स्थिरता और नेट–ज़ीरो खाद्य प्रसंस्करण; वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र के रूप में भारत; खाद्य प्रसंस्करण, उत्पाद और पैकेजिंग प्रौद्योगिकियों में अग्रणी; पोषण और स्वास्थ्य के लिए प्रसंस्कृत खाद्य तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने वाले पशुधन एवं समुद्री उत्पाद–पर आधारित है। प्रत्येक स्तंभ को विशेष रूप से तैयार किए गए सत्रों, बी2बी बैठकों और अपनाने के तरीकों के साथ जोड़ा गया है, ताकि भागीदारी चर्चा से आगे कार्यान्वयन तक बढ़ सके।

पीएमएफएमई लघु–उद्यमियों की उल्लेखनीय सफलता डब्ल्यूएफआई के प्रभाव को दर्शाती है। निःशुल्क स्टॉल उन्हें आयोजन के केंद्र में बनाए रखते हैं, जिससे उनका घरेलू और वैश्विक दिग्गजों के साथ जुड़ाव संभव होता है। उनकी भागीदारी से करोड़ों के व्यापारिक ऑर्डर और स्थायी साझेदारियाँ प्राप्त हुई हैं। इस वर्ष भी कई उद्यमी लौट रहे हैं, क्योंकि हम गर्व सहित भारत के सबसे छोटे खाद्य उद्यमियों के लिए भी समान अवसर सुनिश्चित करते हैं।

डब्ल्यूएफआई का मुख्य आकर्षण सीईओ गोलमेज चर्चा है, जहाँ उद्योग जगत के दिग्गज, निवेशक और नीति निर्माता सहयोग को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए रणनीतिक संवाद में भाग लेते हैं। उल्लेखनीय है कि 2024 में यहाँ उठाए गए जीएसटी संबंधी मुद्दों ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को जन्म दिया, जो हमारी सरकार के परामर्शी और उत्तरदायी दृष्टिकोण को दर्शाता है।

सही मायनों में समग्र होने के लिए, डब्ल्यूएफआई होरेका और एल्कोबेव क्षेत्रों सहित सभी हितधारकों को शामिल करता है और सभी उप–क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देता है। हम जैविक और टिकाऊ उत्पादों से समृद्ध अपने पूर्वोत्तर क्षेत्र को भी प्रमुखता दे रहे हैं। इसका मंडप पूर्वोत्तर को वैश्विक स्तर पर भारतीय जैविक ब्रांडों के लिए लॉन्चपैड बनाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए असम की चाय से लेकर मेघालय की हल्दी तक सब कुछ प्रदर्शित करेगा।

डब्ल्यूएफआई की विश्वसनीयता इसके काम के प्रदर्शन पर आधारित है। 2017 से, इसने 38,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का निवेश हासिल किया है। 2024 के संस्करण में 1,500 से ज़्यादा प्रदर्शक और 20 कंट्री पेवेलियन शामिल हुए, जिससे 93 मिलियन डॉलर के व्यापारिक ऑर्डर मिले। 50 से ज़्यादा नई प्रसंस्करण इकाइयों का उद्घाटन किया गया, 25,000 लघु उद्यमों को सब्सिडी दी गई और 245 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश से एसएचजी की 70,000 महिलाओं को मदद मिली। 1,100 से ज़्यादा क्यूआर–कोडेड अचार की किस्मों वाली एक वॉल, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है, छोटे उत्पादकों के लिए सीधी बाज़ार पहुँच को दर्शाती है। ये उपलब्धियाँ डब्ल्यूएफआई को निवेश, नवाचार और समावेशी विकास के एक सतत इंजन के रूप में रेखांकित करती हैं।डब्ल्यूएफआई के लिए सबसे मज़बूत समर्थन खुद उद्योग जगत से ही आता है। प्रदर्शनी के लिए बुक किया गया कुल क्षेत्रफल 43त्र बढ़कर, एक साल में 70 हज़ार वर्ग मीटर से बढ़कर 1 लाख वर्ग मीटर हो गया है, जो विकास और साझेदारी के लिए बाज़ार के इस प्लेटफ़ॉर्म पर अपार विश्वास को इंगित करता है।वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 एक सरल तर्क : जब नवाचार निवेश और मानकों से मिलता है, तो समृद्धि अपने आप आती है – को साकार करता है। यही वह स्थान है, जहाँ एक स्टार्ट–अप अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के सामने अपना आइडिया प्रस्तुत कर सकता है, एक एसएचजी ऑर्गेनिक अचार के लिए खरीदार ढूंढ सकता है, और राज्य बहुराष्ट्रीय संयंत्रों को आकर्षित कर सकते हैं।

जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, भारत की खाद्य विविधता प्रत्येक वैश्विक निवेशक के लिए लाभांश है। खाद्य प्रसंस्करण ही वह कड़ी है, जो इस क्षमता को रोज़गार, किसानों की बेहतर आमदनी और अधिक मूल्यवर्धित निर्यात में बदल देती है।सभी पाठकों, हितधारकों और शुभचिंतकों के लिएः वर्ल्ड फ़ूड इंडिया 2025 में हमारे साथ जुड़िए और इस बात के साक्षी बनिए– कि किस प्रकार 1.4 बिलियन आबादी वाला राष्ट्र तकनीक, नवाचार और समर्पण से "समृद्धि के लिए प्रसंस्करण" कर रहा है। तो तैयार हो जाइए, एक ऐसे आयोजन के लिए – जहाँ साहसिक दृष्टिकोण और शानदार स्वाद मिलकर संभावनाओं की एक नई दुनिया को प्रेरित करते हैं।

## दे कॉल हिम ओजी का ट्रेलर जारी



जब से फिल्म दे कॉल हिम ओजी का ऐलान हुआ है, प्रशंसकों को उत्साह सातवें आसमान पर है। जहां एक ओर इस फिल्म के हीरो तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण हैं, वहीं इसमें इमरान हाशमी खूंखार खलनायक बनकर बड़े पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म से सामने आई कलाकारों की झलकियों और टीजर ने दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया था। अब आखिरकार फिल्म दे कॉल हिम ओजी का धांसू ट्रेलर रिलीज हो गया है।

दे कॉल हिम ओजी एक एक्शन क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें पवन और इमरान का धाकड़ अवतार देखने को मिलेगा। ट्रेलर में पवन और इमरान आमने–सामने दिख रहे हैं। दोनों एक–दूजे से भिड़ रहे हैं। पवन का भयावह अंदाज रोंगटे खड़े करने वाला है। इस फिल्म में पवन की जोड़ी अभिनेत्री प्रियंका मोहन के साथ बनी है। वह उनकी पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। ट्रेलर में प्रकाश राज की झलक भी देखने को मिली है। दे कॉल हिम ओजी के निर्देशन की कमान सुजीत ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। इस फिल्म का बजट 250 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म के जरिए इमरान तेलुगु सिनेमा में कदम रखने वाले हैं, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। दे कॉल हिम ओजी 25 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म को आप हिंदी के साथ तमिल और तेलुगु भाषा में देख पाएंगे।

## द बैड्स ऑफ बॉलीवुड फेम साहेर बंबा ने बताया आर्यन खान के साथ काम करने का अनुभव

अभिनेत्री साहेर बंबा ने हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपने अनुभवों को साझा किया है। इस सीरीज में वह करिश्मा तंवर का किरदार निभा रही हैं। इस शो में उनका सबसे खास अनुभव आर्यन खान के साथ काम करना था। आर्यन खान बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे हैं और उन्होंने निर्देशक के रूप में अपनी शुरुआत की है। साहर ने बताया कि आर्यन काफी मेहनती निर्देशक हैं।

साहर ने कहा, आर्यन एक तरह से हार्ड टास्क मास्टर हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वह एकदम सख्त हैं। वह कलाकारों से उनके बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। वह केवल स्क्रिप्ट तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कलाकारों को अपने किरदार की गहराई तक पहुंचने के लिए प्रेरित करते हैं। उनके काम के प्रति लगाव और स्पष्ट सोच देखकर ऐसा लगता है कि वह किसी अनुभवी निर्देशक से कम नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, निर्देशक के तौर पर आर्यन सेट पर पूरी तरह से उपस्थित रहते हैं और काम को लेकर उनका ध्यान हर छोटी से छोटी बात पर होता है। आर्यन के साथ काम करते हुए मुझे कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि मैं एक नए निर्देशक के साथ काम कर रही हूं।

## अभिषेक शर्मा ने रचा इतिहास, गुरुयुवराज का तोड़ा रिकॉर्ड

### –रोहित–कोहली की बराबरी कर बने एशिया के नए बादशाह



नईदिल्ली,भारत के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने बुधवार की रात दुबई में अपने बल्ले से छक्कों की बरसात कर दी. उन्होंने भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए एशिया कप 2025 के सुपर–4 के चौथे मैच में तूफानी पारी खेली और भारत को जीत दिलाकर फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई.

इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 168 रन बनाए. बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में 127 रनों पर ढेर हो गई. भारत की बांग्लादेश पर 41 रनों की जीत के साथ ही अभिषेक शर्मा ने इतिहास रच दिया है. अभिषेक शर्मा ने एशिया कप टी20 में अब तक सिर्फ 5 मैच खेले हैं. इन पांच मैचों में ही उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. दरअसल, इस मैच में अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए एक शानदार पारी खेली. उन्होंने ने 37 गेंद में 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से 75 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड अपने नाम किया. इन 5 छक्कों की बदौलत अभिषेक शर्मा एशिया कप टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. अभिषेक ने एशिया कप टी20 के 5 मैचों की 5 पारियों में कुल 17 छक्के लगाकर ये खास उपलब्धि हासिल की है.

इसके साथ ही अभिषेक शर्मा ने अफगानिस्तान के विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को पीछे छोड़ दिया है, जो अब तक एशिया कप टी20 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने हुए थे. गुरबाज ने एशिया कप टी20 2022 और 2025 में 8 मैचों की 8 पारियों में कुल 15 छक्के लगाए हैं. उनके नाम 209 रन दर्ज हैं. जबकि अभिषेक टूर्नामेंट में अब तक 248 रन बना चुके हैं.

युवराज सिंह ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 4 बार 25 से कम गेंदों में अर्धशतक बनाया है. अब अभिषेक ने 5 बार 25 से कम गेंदों में अर्धशतक बनाकर अपने गुरु युवराज सिंह को पीछे छोड़ दिया है.

रोहित शर्मा ने भारत के लिए 4 बार टी 20 में 200+ की स्ट्राइक रेट से 50+ रन बनाए थे. अब अभिषेक 5 बार टी20 में 200+ की स्ट्राइक रेट से 50+ रन बना चुके हैं. विराट कोहली के बाद अभिषेक दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने एशिया कप टी20 में बैक टू बैक अर्धशतक लगाए हैं.

## कृति शेट्टी ने वेस्टर्न आउटफिट में शेयर की दिलकश तस्वीरें



कृति शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट में कई जबरदस्त पोज दिए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है अपने आपको बदल रही हूं। दो घंटे के अंदर ही कृति की तस्वीरों को 88 हजार से ज्यादा यूजर्स ने लाइक किया।

एक यूजर ने उन्हें प्रपोज किया है। एक दूसरे यूजर ने उनके ड्रेस को हीरे का ड्रेस बताया है। कृति ने साल 2019 में फिल्म सुपर 30 से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसके बाद वह तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में नजर आईं। वह जल्द ही तमिल फिल्म लव इंश्योरेंस कंपनी का हिस्सा होंगी।

एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो मुख्य रूप से तेलुगु फिल्मों में दिखाई देती हैं। उन्होंने व्यावसायिक रूप से सफल फिल्म उप्पेना (2021) से अपनी शुरुआत की। उसने एक फिल्मफेयर अवार्ड साउथ और एक साईमा अवार्ड जीता है। कृति शेट्टी का जन्म 21 सितंबर 2003 को मुंबई में हुआ था, मैंगलोर, कर्नाटक के एक तुलु परिवार में। उनके पिता एक व्यवसायी हैं और उनकी माँ एक फैशन डिजाइनर हैं।

## ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज के लिए श्रेयस अय्यर बने कप्तान, इंडिया ए टीम का हुआ ऐलान

नईदिल्ली,2 भारत की सीनियर पुरुष चयन समिति ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए भारत ए टीम का ऐलान कर दिया है. टीम इंडिया के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर को टीम का कप्तान बनाया गया है, जिन्होंने हाल ही में रेड बॉल क्रिकेट से ब्रेक मांगा है.

इसके साथ ही चयनकर्ताओं ने ईरानी कप के लिए शेष भारत (आरओआई) टीम का ऐलान भी कर दिया है. भारत ए अपने मैच 30 सितंबर से कानपुर में खेलेगा, जबकि ईरानी कप 1 अक्टूबर से नागपुर में रणजी ट्रॉफी 2024–25 के चैंपियन विदर्भ के खिलाफ खेला जाएगा. श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), रियान पराग, आयुष बदोनी, सूर्यांश शेडगे, विप्रज निगम, निशांत सिंधु, गुरजापनीत सिंह, युद्धवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), प्रियांश आर्य, सिमरजीत सिंह

## भारतीय टेस्ट टीम का हुआ ऐलान, 4 बड़े खिलाड़ी टीम से बाहर

नईदिल्ली, भारतीय टीम 2 अक्टूबर से अपने घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलने वाली है. जिसके लिए बीसीसीआई ने 15 खिलाड़ियों के स्क्वाड का ऐलान कर दिया है. जिसमें गिल टीम के कप्तान बने हुए हैं जबकि ऋषभ पंत के न होने की वजह से रविंद्र जडेजा को उपकप्तान बनाया गया है. इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज खेलने वालों में से 4 बड़े खिलाड़ियों को इस टीम से बाहर कर दिया गया है. जिसमें करुण नायर, अभिमन्यू ईश्वरन, आकाशदीप और ऋषभ पंत के नाम शामिल है. जबकि देवदत्त पडिक्कल और अक्षर पटेल को टीम में शामिल किया गया है. बता दें कि 8 साल बाद टेस्ट टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने इंग्लैंड दौरे पर कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया था, जिसकी वजह से उनपर टीम से बाहर होने की तलवार लटक रही थी. नायर ने



इंग्लैंड टेस्ट दौरे पर केवल एक अर्धशतक के साथ 25 की औसत से केवल 205 रन बनाए थे.

इसके अलावा टीम से उस खिलाड़ी को भी बाहर कर दिया गया जो अभी तक सिर्फ स्क्वाड का हिस्सा रहा है लेकिन कभी भी डेब्यू करने का मौका नहीं मिला. वो बदकिस्मत खिलाड़ी अभिमन्यू ईश्वरन है. इस खिलाड़ी को न तो बॉर्डर गावस्कर सीरीज में खिलाया गया और न ही इंग्लैंड में एक भी मैच खेलने का मौका मिला.

ऋषभ पंत इंग्लैंड में चौथे टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे जिसकी वजह से उनको टीम से बाहर रखा गया है और उनकी जगह तमिलनाडु के खिलाड़ी नारायण जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है. जबकि तेज गेंदबाज आकाशदीप को भी टीम में जगह नहीं मिली है.

शुभमन गिल (कप्तान) यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, नीतीश कुमार रेड्डी, नारायण जगदीशन.

## संक्षिप्त समाचार

### स्मार्ट मीटर का विरोध, आंदोलन जारी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में स्थानीय लोगों का धरना जारी रहा। इस दौरान धरने को उत्तराखंड विकास समिति ने भी अपना समर्थन दिया। कहा कि स्मार्ट मीटर गरीब परिवार की जेब पर डाका डाल रहा है। गुरूवार को उत्तराखंड विकास समिति के अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला ने तहसील में चल रहे आंदोलन को अपना समर्थन दिया। वक्तओं ने कहा कि ऊर्जा निगम जबरन लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगा रहा है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली का बिल चार गुना आ रहा है। कहा कि ऊर्जा निगम जनता को गुमराह कर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर थोपे जा रहे है। कहा कि स्मार्ट मीटरों में खपत से ज्यादा बिल आ रहा है, जो कि उपभोक्ता के अधिकारों का उल्लघंन है। क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या के कारण मीटर में त्रुटियां आ रही है, जिससे जनता परेशान है। कहा कि ऊर्जा निगम के माध्यम से पिछले दिनों में ही मीटर बदले गए थे। लेकिन, अचानक से अब स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। कहा कि महंगाई की मार से जनता पहले ही परेशान है, लेकिन जबरदस्ती स्मार्ट लगाकर लोगों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। इस मौके पर गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, विपुल उनियाल, शशि मोहन उनियाल, सावित्री रावत, दुर्गाप्रसाद दूबे आदि मौजूद रहे।

### पीएम व सीएम को ज्ञापन भेज लगाई टीईटी आदेश को निरस्त करने की गुहार

नई टिहरी। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ टिहरी ने सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा अनिवार्य किए जाने का विरोध किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर टीईटी आदेश को निरस्त करने की गुहार लगाई है। संगठन के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष शेर सिंह पंवार, महामंत्री उम्मेद नेगी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि उच्च न्यायालय ने गत एक सितंबर को शिक्षक व शिक्षिकाओं के लिए सेवा में बने रहने व पदोन्नति के लिए 55 वर्ष तक टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण का आदेश दिया हैं। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के 15 हजार से अधिक शिक्षक–शिक्षिकाएं प्रभावित हो रहे हैं। इस आदेश से शिक्षक तनाव में है। एनसीटीई ने प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए वर्ष 2010 में टीईटी प्रथम परीक्षा उत्तीर्ण की अनिवार्यता का प्राविधान रखा था। उक्त प्रक्रिया गतिमान है। वर्तमान में टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए 40 वर्ष की आयु निर्धारित है जबकि उच्च न्यायालय ने 55 वर्ष तक के सभी शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के आदेश दिए हैं। यह तार्किक एवं न्यायसंगत नहीं है। शिक्षक स्कूलों में पठन– पाठन के साथ कई अन्य विभागीय कार्यों का संपादन भी करते हैं।

अधिक उम्र के शिक्षक दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करना असंभव है। शिक्षकों के संरक्षण एवं भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए उक्त याचिका में पारित आदेश के विरुद्ध पुनर्विचार किया जाना आवश्यक है।

### पार्टी संगठन में मजबूत होगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष की भूमिका : राठौर

नई टिहरी। संगठन सृजन के लिए टिहरी पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप राठौर ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की रायशुमारी के बाद ही जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। पार्टी हाईकमान ने जिलाध्यक्ष की भूमिका को सशक्त बनाने का निर्णय लिया है। अब विधायक और लोकसभा प्रत्याशी के चयन में उनकी भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं से बातचीत के बाद जिलाध्यक्ष के लिए तीन लोगों का पैनल बनाकर हाईकमान को भेजा जाएगा। कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता व हिमाचल में विधायक कुलदीप राठौर ने कहा कि अब पार्टी के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति कार्यकर्ताओं की रायशुमारी से की जाएगी। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस बार देशभर में जिलाध्यक्ष की नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को पर्यवेक्षक के रूप में भेज रहे हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए पार्टी में जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिलाध्यक्ष के लिए तीन लोगों के नाम का पैनल बनाकर पार्टी हाईकमान को भेजा जाएगा। जिलाध्यक्ष की घोषणा के बाद ब्लॉक, मंडल और बूथ अध्यक्ष की नियुक्ति की जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रतापनगर विधायक विक्रम नेगी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार नौजवानों की दुश्मन बन गई है।

संघर्षों से बने राज्य में युवाओं के सपने टूट रहे हैं।

# स्वस्थ समाज निर्माण के लिए स्वच्छता जरूरी

### शहर में नगर निगम व स्कूली बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम, स्कूली बच्चों व पार्षदों की ओर से शहर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान आमजन को भी स्वच्छता का संदेश दिया गया। कहा कि स्वस्थ समाज निर्माण के लिए स्वच्छता पर ध्यान देना आवश्यक है।गुरुवार को महापौर शैलेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में सफाई-अभियान चलाया गया। अभियान में विभिन्न विद्यालयों के बच्चे व पार्षदों ने भी भाग लिया। अभियान के दौरान शहर में जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि स्वच्छ व स्वस्थ कोटद्वार निर्माण के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। हर व्यक्ति को अपने घर व आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई का जिम्मा लेना चाहिए। कहा कि शहर में कहीं भी सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डाले। सड़क किनारे कूड़े से वर्षा पानी के लिए बनी नालियां चोक हो जाती हैं, जिससे शहर में जल भराव की स्थिति होती है। साथ ही संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया।



कोटद्वार में नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के दौरान सफाई करते महापौर शैलेंद्र सिंह रावत

### निविदाओं में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं देने पर रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : पंजीकृत ठेकेदारों को निर्माण कार्य की निविदाओं में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं देने पर जल निगम ठेकेदार वेलफयर एसोसिएशन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि ठेकेदारों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस संबंध में ठेकेदारों ने अधिशासी अभियंता आशीष कुमार को ज्ञापन दिया। बताया कि राज्यपाल के आदेश के बाद भी ठेकेदारों को निविदाओं में प्रतिभाग करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वर्तमान में जल निगम के माध्यम से निर्माण कार्यों की निविदाएं आमत्रित की जा रही है, जिसमें बाहरी ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है। जबकि राज्यपाल की तरफ से स्थानीय पंजीकृत ठेकेदारों को भी निविदाओं में प्रतिभाग करने के स्पष्ट आदेश जारी किए गए है। लेकिन, जल निगम विभाग राज्यपाल के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से राज्यपाल के आदेशों का पालन करने की मांग की है, कहा कि पंजीकृत ठेकेदारों की उपेक्षा होने पर ठेकेदार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर भरत सिंह नेगी, मनोज रावत, लक्ष्मण सिंह, देव चंद्र, सुरेंद्र सिंह राणा, सुनील सिंह, सुमन चंद्र, वीरेंद्र सिंह नेगी, नरेंद्र गुसांई आदि मौजूद रहे।

# प. दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पर भगवंत ग्लोबल विश्व विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदस्यों ने दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद किया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. प्रताप सिंह राणा ने किया। उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय को महान विचारक व बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी राजनेता बताया। कहा कि उन्होंने समाज को एकात्म मानवावाद की विचारधारा दी।

पं. दीनदयाल ने समाज को समृद्ध व संतुलित दिशा में काम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें गौरीश अग्रवाल प्रथम, वंश द्वितीय व आशीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर उज्जवल चंद्र, शैलेश चमोली, जूही ठाकुर, साक्षी रावत, कमल जोशी मौजूद रहे। इधर जानकी नगर स्थित हेमनदास सरस्वती शिशु मंदिर में भी पं. दीनदयायाल उपाध्याय की जंयती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। तत्पश्चात छात्रों ने पं. दीन दयाल से संबधित प्रेरक प्रसंग व उनके संस्मरण को सुनाया। शिक्षक मनोज जोशी ने प्रोजेक्टर के माध्यम से पं. दीन दयाल की समस्त जीवन वृतांत को दिखाया। इस मौके पर अचंल कुमार, योगेश नेगी, गीता रावत, सुनीता पंत, अंजू चमोला, श्रेया चौधरी, मुस्कान बिष्ट, पूजा चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

# रुद्रप्रयाग में 30 सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

जयन्त प्रतिनिधि।

रुद्रप्रयाग : जिला सेवायोजन कार्यालय, रुद्रप्रयाग द्वारा 30 सितंबर को प्रातः 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला जिला सेवायोजन कार्यालय, मुख्य बाजार रुद्रप्रयाग में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी।

जिला सेवायोजन अधिकारी सुशील चमोली ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में एफ.एस.आई. ओवरसीज प्रा.लि. द्वारा वेयरहाउस एसोसिएट पैकर, एस.आई.एस. सिक्योरिटी लि., देहरादून द्वारा सिक्योरिटी सुपरवाइजर, ब्लिंकिट, देहरादून द्वारा स्टोर असिस्टेंट, लायम सॉल्यूशंस, पंतनगर की ऑटोमोबाइल कंपनी द्वारा आईटीआई डिप्लोमा बीटेक सम्बन्धी पद, एच.आर. ट्रेडर्स, रुद्रप्रयाग द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव, टाटा स्ट्राइव कौशल विकास केंद्र, गोपेश्वर द्वारा होटल प्रबंधक हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग तथा युवा शक्ति फाउंडेशन, देहरादून द्वारा शिशिक्षु प्रशिक्षण पद हेतु अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में कुल 250 रिक्तियां उपलब्ध हैं। चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार एवं अन्य आवश्यक अर्हता पूर्ण करने पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए शैक्षिक योग्यता न्यूनतम 10वीं से लेकर स्नातक, आईटीआई डिप्लोमा और बीटेक तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। इन पदों पर मासिक वेतनमान 11,000 रुपये से 40,000 रुपये तक निर्धारित है। जिला सेवायोजन अधिकारी ने कहा कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र, अंकपत्र, बायोडाटा एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 30 सितंबर को प्रातः 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय, रुद्रप्रयाग में उपस्थित हों।

### कभी भुलाया नहीं जा सकता शहीदों का योगदान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : देश की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों के घर की मिट्टी एकत्रित करने के लिए शहर में शहीद सम्मान यात्रा निकाली गई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सैनिकों ने शहीदों के योगदान को भी याद किया। कहा कि देश की रक्षा में दिए गए वीर शहीदों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। गुरुवार को झंडाचौक से रवाना हुई शहीद सम्मान यात्रा को विधानसभा अध्यक्ष ने हरी झड़ी दिखाई। कहा कि वीरता, शौर्य और बलिदान की परंपरा हमारी राष्ट्रीय चेतना का अभिन्न हिस्सा है। यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम अमर बलिदानियों की स्मृतियों को संजोएं और आने वाली पीढ़ियों तक उनके आदर्शों को पहुंचाएं। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष बलिदानी गौतम कुमार (48 आरआर) के घर पहुंचीं, जिन्होंने 25 दिसंबर 2023 को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया।

# विद्यार्थियों ने चलाई स्वच्छता अभियान, निराई-गुड़ाई भी की

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सेवा पखवाड़ा के तहत पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में सफाई अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने जगह-जगह फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। साथ ही ग्रामीणों को भी स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सेवा पखवाड़ा के तहत विद्यार्थी प्रतिदिन एक घंटा सफाई व पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यतीत कर रहे हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने विद्यार्थियों को स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। बिना पर्यावरण संरक्षण हम धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। कहा कि हमें अपने विशेष दिनों पर पौधा रोपण करना चाहिए। अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं ने एक घंटा श्रमदान करके विद्यालय की फुलवारी, पार्क, किचन गार्डन, कक्षा-कक्षों व पानी की टंकी की सफाई की। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने कूड़ा एकत्रित कर उसे नष्ट किया।



विद्यालय में निराई-गुड़ाई करते विद्यार्थी

# कहानी के माध्यम से सीखे व्यक्तित्व विकास के गुर

### डॉ. आयुष केसरी ने कार्यशाला में बताई पावर ऑफ स्टोरी टेलिंग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज में पावर ऑफ स्टोरी टेलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कहानियों के माध्यम से अपना व्यक्तित्व विकास के गुर सीखे।

बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यशाला का कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने शुभारंभ किया। कालेज के प्राचार्य डॉक्टर अश्वनी शर्मा ने वाराणासी उत्तर प्रदेश से पहुंचे कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. आयुष केसरी का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. आयुष केसरी ने छात्र-छात्राओं को कहानी के माध्यम से सकारात्मक सोच के साथ जीवन पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को कहानी किस प्रकार संचार, संप्रेक्षण को बढ़ाने में मददगार होती है, इसका प्रैक्टिल कराया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से छात्रों कम्यूनिकेशन बढ़ाने के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि बेहतर वार्तालाप के लिए पहले सुनना और उसके बाद उसी भाव में जबाब देने से सकारात्मक परिणाम आते हैं। डॉ. केसरी ने कहा कि जीवन में सफल भविष्य बनाने के लिए छात्रों में बेहतर कम्यूनिकेशन का होना बहुत जरुरी है। इसके साथ ही बॉडी लैंगवेज का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से उनके द्वारा दी गई टिप्स को आत्मसात करते हुए अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होने की अपील की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, कार्यशाला समन्वयक एसिस्टेंट प्रोफेसर बंदना नेगी, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, आईक्यूएससी प्रभारी प्रवीन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

### गोपेश्वर में आयोजित होगा रोजगार मेला

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : जिला सेवायोजन कार्यालय चमोली गोपेश्वर की ओर से आगामी 29 सितम्बर को प्रातः 11.00 बजे से कार्यालय परिसर में 300 से अधिक विभिन्न प्रकार के पदों हेतु रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी अर्चना सजवाण ने जानकारी देते हुये बताया कि रोजगार मेले में विभिन्न संस्थाओं जैसे सिपैट द्वारा सहायक/मशीन आपरेटर के प्रशिक्षण हेतु शैक्षिक योग्यता दसवीं व आईटीआई तथा आयु सीमा 18 से 28 वर्ष के युवा प्रतिभाग कर सकते है वही टॉटा स्टाइव स्किल डेवलपमेंट सेंटर गोपेश्वर द्वारा हास्पिटैलिटी सेक्टर में प्रशिक्षण हेतु शैक्षिक योग्यता दसवीं एवं आयु सीमा 18 से 30 के बीच होंनी चाहिए एवं एलआईसी गोपेश्वर द्वारा बीमा सखी महिला कैरियर एजेन्ट योजना हेतु शैक्षिक योग्यता दसवी उत्तीर्ण तथा आयु सीमा 18 से 70 वर्ष व त्याम ग्रुप्स (अशोका लीलैण्ड) शैक्षिक योग्यता आईटीआई, डिप्लोमा, बी–टैक निर्धारित की गई है। नियोक्ता द्वारा साक्षात्कार/चयन परीक्षा से पूर्व विस्तृत जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवाओं को सूचित किया जाता है कि अपेक्षित शैक्षिक योग्यता एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र सहित चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### महिलाओं की आपत्तिजनक फोटो—वीडियो बना रहा था समुदाय विशेष का युवक

उत्तरकाशी। शहर के मुख्य बाजार में सब्जी की ठेली लगाने वाले एक समुदाय विशेष के युवक को महिला व युवतियों की आपत्तिजनक फोटो—वीडियो बनाते हुए पकड़ा गया है। बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने युवक को पकड़ा और पिटाई करते हुए उसे कोतवाली ले गये, जहां पुलिस ने संबंधित युवक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता से संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। बीते बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे मुख्य बाजार की माल रोड पर एक दुकान के बाहर इंदिरा कालोनी निवासी अरशद अहमद अंसारी(24) को बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद् के कुछ कार्यकर्ताओं ने मोबाइल फोन से चोरी—छिपे महिलाओं की आपत्तिजनक फोटो—वीडियो बनाते पकड़ा। उसके मोबाइल फोन में कई महिलाओं व युवतियों की आपत्तिजनक फोटो व वीडियो मिले। इससे आक्रोशित बजरंग दल व विहिप कार्यकर्ता युवक को मारते—पिटते हुए कोतवाली उत्तरकाशी ले गये, उन्होंने युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली में हंगामा काटा। मामले में पुलिस ने संबंधित युवक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता में सार्वजनिक स्थान पर गलत हरकत करने से संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

विषय:— निविदा सुचना संख्या 142-DRM-MB-25-26 Dt. 19-09-2025 के सम्बन्ध में

उपरोक्त निविदा दिनांक 15.10.2025 को खोली जानी है। निविदा में Period of Completion - 24 Month के स्थान पर Period of Completion - 12 Month कर दिया गया है, निविदा की अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी। 2968/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रितिका सचिव व टीषा बनी विश्व विद्यालय प्रतिनिधि

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय चौबट्टाखाल में छात्रसंघ चुनाव के लिए प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो चुकी है।

इस दौरान सचिव व विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए मात्र एक-एक विद्यार्थी ने ही नामांकन दर्ज किया। ऐसे में सचिव पद पर रितिका व विश्व विद्यालय प्रतिनिधि पद की जिम्मेदारी टीषा को मिलना तय है।

गुरुवार को महाविद्यालय में प्रत्याशियों के नाम की अंतिम सूची जारी हुई। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मुरलीधर कुशवाहा व छात्रसंघ चुनाव प्रभारी डा. सुनील कुमार ने कहा कि अध्यक्ष पद के लिए करिश्मा व मयंक सिंह, उपाध्यक्ष के लिए हिमानी व दिया और कोषाध्यक्ष पद के लिए दीप्ति व साक्षी ने नामांकन दर्ज किया था। जांच में सभी के नामांकन पत्र सही पाए गए। वहीं, सचिव व विश्वविद्यालय पद के लिए केवल एक-एक नामांकन पत्र ही दाखिल किया गया। ऐसे में सचिव पद पर रितिका व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर टिषा का निर्विरोध निर्वाचन तय है। बताया कि 27 सितंबर को महाविद्यालय में मतदान होंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर पीठासीन अधिकारी डा. श्रवण कुमार, मतदान अधिकारी डा. भरत पाल सिंह आदि मौजूद रहे।




विद्यार्थियों को मतदान की जानकारी देते शिक्षक व अन्य

# डीएम खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई जिलास्तरीय गंगा समिति की बैठक

नई टिहरी। डीएम नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित जिलास्तरीय गंगा समिति की बैठक में गंगा संरक्षण, सीवर प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में संचालित एसटीपी की क्षमता, उनकी मौजूदा स्थिति और नए निर्माणाधीन प्लांटों की प्रगति की समीक्षा की गई।

डीपीओ नमामि गंगे परियोजना अरुण उनियाल ने बैठक में बताया कि देवप्रयाग में 126 भवनों को सीवर नेटवर्क से जोड़ने के लिए 5.0 केएलडी क्षमता वाला को–ट्रीटमेंट प्लांट बाह बाजार में तैयार किया जा रहा है। अगले एक सप्ताह में यह प्लांट परीक्षण के लिए तैयार कर लिया जाएगा। नगर पालिका देवप्रयाग से भी समन्वय स्थापित कर लिया गया है। ताकि नगर क्षेत्र से निकलने वाले सीवर पिट व अन्य अपशिष्ट को यहां ट्रीटमेंट के लिए लाया जा सके। परियोजना प्रबंधक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा ने बताया कि बीते 15 सितंबर को तेज बरसात और मलबे के कारण मुनिकीरेती नीम बीच बरसाती नाला, डिकान वैली और घुघत्याली नाले में बिछी 350 एमएम व्यास की ग्रेविटी सीवर लाइन बह गई। इसके साथ ही सच्चाधान एसपीएस से एसटीपी को जोड़ने वाली 300 एमएम व्यास की राइजिंग मेन सीवर लाइन भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इन लाइनों के बह जाने से 3.5 एमएलडी क्षमता वाला एसटीपी लगभग निष्क्रिय हो गया है। वर्तमान में उसमें अपशिष्ट जल का प्रवाह शून्य के बराबर है।

पेयजल निगम ने क्षतिग्रस्त सीवर नेटवर्क की मरम्मत का प्राकलन तैयार कर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन देहरादून को भेज दिया है। वर्तमान में नदी का जलस्तर अधिक होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई—टेंडर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमत्रिंत किये जाते हैं। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेंडर संख्या/तिथि | 179-DRM-MB-25-26 Date: 18.09.2025 | 180-DRM-MB-25-26 Date: 18.09.2025 | 181-DRM-MB-25-26 Date: 18.09.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Miscellaneous Track activities in connection with track maintenance from Km 39.150 to 78.500 in RWL DDN section under ADEN/HW. | Miscellaneous bridge work in the section of SSE/W/HW under ADEN/HW. | Supplying and spreading 10000 cum of 65 mm gauge machine crushed stone ballast on cess in LRJ-DDN section under Sr. DEN/1/MB. |
| निविदा का प्रकार | Work | Work | Work |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 21.10.2025 16:00 | 21.10.2025 16:00 | 21.10.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 07.10.2025 | 07.10.2025 | 07.10.2025 |
| अनुमानित लागत(₹) | ₹54,98,720.31 | ₹74,95,386.59 | ₹1,96,39,500/- |
| धरोहर राशि(₹) | ₹1,10,000.00 | ₹1,49,900.00 | ₹2,48,200.00 |
| निविदा की कीमत | शून्य | शून्य | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह | 06 माह |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |

टेंडर नं.: 74/W/2/3/WA/Sr DEN/1/T, Notice दिनांक.: 25.09.2025 2975/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# छात्र संघ चुनाव में 269 छात्र-छात्राएं करेंगे मतदान




जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैंण : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में छात्र संघ चुनाव में आगामी 27 सितंबर को 269 छात्र-छात्राएं मतदान करेगें। जिसमें 54 छात्र एवं 215 छात्राएं शामिल है। गुरूवार को महाविद्यालय प्रशासन एवं छात्रसंघ प्रत्याशियों की एक अहम बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रत्याशियों को चुनाव प्रक्रिया संबंधी सभी आवश्यक जानकारी दी गई। चुनाव प्रभारी डॉ. विकास प्रताप सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में 27 सितंबर को मतदान प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक संपन्न कराया जाएगा, दोपहर 2 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना की समाप्ति के बाद विजयी प्रत्याशियों की घोषणा एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम सूक्ष्म रूप में होगा। महाविद्यालय में कुल मतदाता 269 है, जिसमें 54 छात्र एवं 215 छात्राएं है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेन्द्र चन्द्र सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्राचार्य ने महाविद्यालय प्रशासन एवं सभी छात्र-छात्राओं से चुनाव प्रक्रिया को शांति पूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में सह प्रभारी डॉ. छाया सिंह, डॉ. विवेक रावत, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई—टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | SNT-SIG-KGFYARD-WeighBr सिग्नल्लिंग अल्टरेशन एट KGF स्टेशन फॉर E.I.M.W.B | 8356781.27 | 167100.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |
| 2 | SNT-AMC-Medha-EI-MB-2024 कोम्प्रेहेंसिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ ई आई इक्विपमेंट (मेधा मेक) एट 19 स्टेशन ऑफ़ मुरादाबाद डिवीजन फॉर थ्री इयर्स | 52403264.64 | 412000.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |
| 3 | SNT-SIG-DLP-YARD2023-24 कॉमन यूजर ट्रैफिक फेसेलिटिस फॉर GCT टो डेवलप्ड एंटीइरेली ओन रेलवे लैंड अत दलपतपुर | 13957254.82 | 219800.00 | Nil | 31.10.2025 15:00 hrs. |

नोट:— निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना— SNT-Sig-KGF,AMC-Medha,DLP Yard-2023-24 दिनांक 25.09.2025 2977/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### काशीपुर में फिर माहौल खराब करने का प्रयास

काशीपुर। काशीपुर में जुलूस के दौरान हुई उपद्रव के 3 दिन बाद फिर से काशीपुर में माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। ये आरोप पुलिस ने कुछ अराजक तत्वों पर लगाया है। हालांकि, पुलिस की सतर्कता और निगरानी के कारण मामला शांतिपूर्ण तरीके से शांत हुआ। मामला 'नाबालिग की पुलिस हिरासत में मौत' की अफवाह से जुड़ा है। काशीपुर में रविवार 21 सितंबर की रात मोहल्ला अल्लीखां में बिना अनुमति एक जुलूस का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग इकट्ठा हुए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बिना अनुमति जुलूस न निकालने की अपील की। इस दौरान कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस कर्मियों से मारपीट कर दी। जिसका वीडियो भी सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने मामले में जुलूस का नेतृत्व करने वाले समेत कुछ लोगों को गिरफ्तार किया और 400 से 500 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

वहीं बुधवार रात काशीपुर में एक अफवाह फैलाकर माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस का आरोप है कि मोहल्ला अल्ली खां में एक अफवाह तेजी से फैली कि काशीपुर में 'पुलिस की हिरासत में पिटाई से नाबालिग की मौत' हो चुकी है। इस अफवाह पर मोहल्ले के सभी लोग पुलिस चौकी की तरफ बढ़ने लगे। लेकिन पुलिस प्रशासन ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समुदाय के जनप्रतिनिधियों को बांसफोड़ान पुलिस चौकी बुलाया और उक्त नाबालिग से मुलाकात करवाई।

### बवाल काटने के पांच और आरोपी गिरफ्तार

काशीपुर। आई लव मोहम्मद जुलूस के बवाल में शामिल पांच अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में आजाद समाज पार्टी का महानगर अध्यक्ष एम राहुल भी शामिल है। जुलूस में विवाद के दौरान वीडियो में ये लोग मौजूद पाए गए हैं। रविवार देर रात शहर में आई लव मोहम्मद जुलूस निकाला गया था, जिसमें युवकों व नाबालिगों ने पुलिस के साथ मारपीट व गाड़ी में तोड़फोड़ की थी। इस मामले के आरोपियों की धरपकड़ लगातार जारी है। पुलिस ने बुधवार को करीब 15–16 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, इनमें से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें कचहरी पाकीजा निवासी फरदीन (19), पाकीजा कॉलोनी निवासी मोहम्मद अर्श, मोहल्ला अल्लीखां निवासी रशीद (18), बांसफोड़ान काशीपुर निवासी सालिम (18) और मोहम्मद अब्बास राहुल उर्फ एम राहुल शामिल हैं।

सीसीटीवी फुटेज व जुलूस के वीडियो में इन लोगों को देखा गया है। एएसपी अभय सिंह ने बताया कि जुलूस में मारपीट के दौरान उक्त आरोपी भी मौजूद थे। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इससे पहले पुलिस ने जुलूस के मास्टरमाइंड सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। वहीं, 12 नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड (जेजे बोर्ड) के समक्ष पेश किया गया।

### जीजीआईसी बाड़ेछीना में 8 छात्र–छात्राओं को मिली मंजुल स्मृति छात्रवृत्ति

अल्मोड़ा। पीएमश्री जीजीआईसी बाड़ेछीना में गुरुवार को आयोजित मंजुल स्मृति छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में आठ विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। चयनित छात्रों को प्रमाणपत्र, प्रतीक चिह्न और प्रत्येक को पांच हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी गई। यह छात्रवृत्ति कक्षा 11 और 12 के लिए दो वर्षों तक दी जाती है। कार्यक्रम में धौलादेवी ब्लॉक से हर्षित बिष्ट, रोहित सिंह कार्की, पूजा जोशी और नेहा, जबकि भैसियाछाना ब्लॉक से योगिता गैड़ा, सौरभ महरा, सोनी और कोमल मेहरा को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रीति सिन्हा ने की और मुख्य अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन नीरज पंत ने किया। अमन संस्था के प्रमुख और समिति के संयोजक रघु तिवारी ने बताया कि छात्रवृत्ति कार्यक्रम 2022 में शुरू हुआ था और अब अपने चौथे वर्ष में पहुंच गया है। प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र पांडे ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर तारा भट्ट ने पांच हजार रुपये की सहयोग राशि प्रदान की, जबकि धीरेन्द्र कुमार पाठक ने बच्चों को समय प्रबंधन और मेहनत पर जोर देने को कहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक हेमन्त कुमार पांडे, चन्द्रमणी भट्ट, प्रीति पंत और अन्य वक्ताओं ने विचार रखे। समारोह में शिक्षकों, अभिभावकों और छात्राओं की उपस्थिति रही। यह छात्रवृत्ति अब तक लमगड़ा, हवालबाग, भैसियाछाना और धौलादेवी ब्लॉकों के चयनित विद्यार्थियों को दी जा चुकी है।

# सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाएं रखने में प्रशासन का सहयोग करें

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत नये बस अड्डे पर चला स्वच्छता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत गुरुवार को जिला मुख्यालय के नया बस अड्डा परिसर और उसके आसपास व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। स्वजल प्रबंधक दीपक रावत ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़े का उद्देश्य केवल सार्वजनिक स्थानों को साफ करना ही नहीं, बल्कि नागरिकों में स्थायी स्वच्छता की आदत डालना भी है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे अपने घरों, आस-पास और सार्वजनिक स्थानों पर




स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितम्बर से शुरु हुआ है, जो आगामी 2 अक्टूबर तक लगातार चलेगा। इसके अंतर्गत न केवल नगर क्षेत्र बल्कि जनपद के सभी विकासखंडों में भी स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के दौरान प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलायी जा रही है, ताकि लोग स्वयं तो साफ-सफाई रखें, साथ ही समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि एक दिन एक घंटा और एक साथ थीम के तहत गुरूवार को जनपद मुख्यालय सहित सभी विकासखंडों, नगर निकायों और तहसीलों में सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि जहां सफाई अभियान चलाया जा रहा है उन्हें पहले से ही चिन्हित किया गया था और उन्हीं स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि स्वच्छता अभियान में बढ़चढ़ कर अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को नया बस अड्डे परिसर में झाड़ी और कूड़े-कचरे को एकत्रित कर नगर पालिका के वाहनों के माध्यम से निस्तारित किया गया। इसी तरह जीआईसी पौड़ी के आसपास भी सफाई की गयी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी, जिला शिक्षाधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, सफाई निरीक्षक हेमंत कुमार, सभासद संगीता रावत सहित अन्य उपस्थित थे।

# कर्मचारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ ली

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत नगर पंचायत थलीसैंण क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर हाईस्कूल, स्वामी ओंकारानंद दून पब्लिक स्कूल थलीसैंण, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कैन्यूर एवं राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैन्यूर थलीसैंण में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। इस दौरान कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

नगर पंचायत थलीसैंण अध्यक्ष श्रीमती वीरा देवी के नेतृत्व में एक दिन एक घंटा और एक साथ थीम के तहत गुरूवार को थलीसैंण बाजार एवं स्कूलों में सफाई अभियान चलाया गया। अध्यक्ष श्रीमती वीरा देवी ने कहा कि स्वच्छता




पखवाड़ा तथा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बाजार और स्कूलों में उन जगहों की पहचान की गई, जहां गंदगी है तथा साफ-सफाई जरूरी है। कर्मचारियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्य नहीं बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। इस पहल के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि केवल सरकारी प्रयासों से स्वच्छता नहीं लाई जा सकती, बल्कि इसमें हर नागरिक का योगदान जरूरी है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल स्वच्छता के महत्व को समझाना है, बल्कि इसे जीवन शैली में शामिल करना है।

## यूकेएसएसएससी पेपर लीक से नाराज सैकड़ों युवाओं की भीड़ सड़कों पर उतरी

पिथौरागढ़। यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा का पेपर सेंटर से बाहर भेजने के मामले में नाराज सैकड़ों युवाओं की भीड़ बृहस्पतिवार को सड़कों पर उतरी। युवाओं ने पेपर चोर, गद्दी छोड़ के नारे लगाते हुए नगर में जुलूस निकालते हुए सरकार, सीएम और आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि सीएम और सरकार सशक्त नकल विरोधी कानून बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन प्रदेश में हर परीक्षा का पेपर लीक हो रहा है। पेपर लीक होने से हमारा भविष्य बर्बाद हो गया है। युवाओं ने कहा कि सड़कों पर उतरना हमारा शौक नहीं मजबूरी बन गया है। जिले भर के युवाओं ने नगर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए कलक्ट्रेट तक सरकार और चयन आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। इसके बाद युवा कलक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गए। युवाओं ने कहा कि प्रदेश में नकल विरोधी कानून बनाकर वाहवाही लूटी गई। इस कानून को दरकिनार कर नकल माफिया हर बार पेपर लीक कर हमारी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। हमारे परिजन अभावों में हमें पढ़ा रहे हैं लेकिन पेपर बाहर आने से हमारी मेहनत बेकार हो रही है। इसके बाद भी सीएम धामी, भाजपा नेता और आयोग के अधिकारी पेपर के सिर्फ तीन पन्ने लीक होने की बात कर हमें धोखा दे रहे हैं। इन्हें मालूम होना चाहिए कि सिर्फ आधे नंबर से भी कई युवा भर्ती में सफल होने से रह जाते हैं। इससे साफ है कि यह भर्ती सिर्फ नेताओं और आयोग के चहेतों के लिए कराई गई है। युवाओं ने आयोग के हर कर्मचारी को बदलकर अब तक हुए सभी पेपर बाहर आने के मामलों की सीबीआई जांच की मांग की।

## वॉलंटियर फायर फाइटर्स सम्मानित, प्रयासों की हुई सराहना

अल्मोड़ा। वन चेतना केंद्र, अल्मोड़ा में हंस फाउंडेशन की वन अग्निशमन एवं रोकथाम परियोजना के अंतर्गत वॉलंटियर फायर फाइटर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न गांवों से पहुंचे स्वयंसेवी फायर फाइटर्स को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रभागीय वनाधिकारी (सिविल सोयम) अल्मोड़ा प्रदीप धौलाखंडी और प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह ने स्वयंसेवियों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने ग्राम स्तर पर सामूहिक सहभागिता को और मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि सामुदायिक जागरूकता, प्रशिक्षण और आपसी समन्वय से आग की घटनाओं पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है।

# 26 सितंबर को पीएचसी ऊखीमठ में होगा विशेषज्ञ हेल्थ कैंप

### श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक देंगे सेवा

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत शुक्रवार 26 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ में विशेषज्ञ हेल्थ कैंप आयोजित किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उक्त विशेषज्ञ शिविर में श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं देंगे।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतिम दिन 02 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय कोटेश्वर में भी विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। साथ ही जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व



आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रक्तचाप, शुगर, एनीमिया जांच, रक्त कोष पोर्टल पर पंजीकरण, टीबी स्क्रीनिंग, गर्भवती की जांच, स्वास्थ्य जांच, औषधी वितरण आदि सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत अब तक 15434 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 1674 गर्भवती महिलाओं की जांच, 157 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, 1968 किशोर-किशोरियों की हीमोग्लोबिन जांच, आभा, पीएम जेएवाई कार्ड 81 व विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों से संबंधित 6718 की काउंसलिंग, 412 रक्तदाता पंजीकरण, 4242 की टीबी स्क्रीनिंग, 29 निक्षय मित्र पंजीकरण के अलावा, 481 के एक्स-रे व 84 की अत्याधुनिक तकनीक नॉट द्वारा बलगम जांच की गई है। वहीं, गुरुवार को आरकेएसके व आरबीएसके टीम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज भीरी में पोषण व माहवारी स्वच्छता पर काउंसलिंग सत्र के आयोजन के साथ-साथ किशोर-किशोरियों के हीमोग्लोबिन व स्वास्थ्य जांच व नेत्र जांच की गई।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को किया पुरस्कृत

### बीते चार साल में रिकॉर्ड 25 हजार युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नानूरखेड़ा स्थित एससीईआरटी ऑडिटोरियम में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में शीर्ष 10 स्थान प्राप्त करने वाले हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 75 मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यालयों के तीन-तीन प्रधानाचार्यों के साथ ही श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष 50-50 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका मानना था कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि उसमें राष्ट्र प्रेम, नैतिक मूल्य, सामाजिक समरसता और व्यावहारिकता का समावेश भी अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जहां एक ओर अपने शिक्षण संस्थानों में स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लाइब्रेरी और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं। वहीं, हमारी विरासत पुस्तक के माध्यम से कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को भारत की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं तथा देश और प्रदेश की महान विभूतियों से परिचित कराने का कार्य भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जहां एक ओर, 226 विद्यालयों को पीएम



श्री विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है, वहीं सभी 13 जनपदों के 1300 विद्यालयों में वर्चुअल कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं। साथ ही, दूरस्थ क्षेत्रों तक बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु 5–पीएम ई–विद्या चौनल भी संचालित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य के सभी राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा उत्तराखंड के सरकारी और अशासकीय स्कूलों के छठवीं से 12वीं कक्षा तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को, मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से प्रत्येक माह छात्रवृत्ति भी प्रदान की जा रही है। इतना ही नहीं, राज्य के बच्चों के व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से प्रत्येक विकासखंड के 10वीं और 12वीं के मेधावी छात्रों को भारत भ्रमण पर भी भेजा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा, संघ लोक सेवा आयोग, एनडीए, सीडीएस आदि की लिखित परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार की तैयारी के लिए 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा रही है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए उत्तराखंड में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। पिछले चार वर्षों में राज्य के 25 हजार से अधिक युवाओं का चयन सरकारी नौकरी में हुआ है, अब सामान्य परिवारों के कई युवा एक से अधिक परीक्षा में सफल हो रहे हैं। जबकि राज्य बनने के शुरुआती 21 साल में कुल 16 हजार नियुक्तियां ही हुई थी। इस मौके पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, शिक्षा सचिव रविनाथ रामन, महानिदेशक शिक्षा सुश्री दीप्ति सिंह सहित अन्य शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।

### एक–एक नकल माफिया को करेंगे गिरफ्तार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने हाल में सामने आई परीक्षा गड़बड़ी की जांच के लिए एक एसआईटी गठन का निर्णय लिया है। एसआईटी जांच के आधार पर इस मामले में निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। सरकार राज्य में एक–एक नकल माफिया को चुन–चुन कर गिरफ्तार कर, सजा दिलवाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने शपथ लेने के बाद ही संकल्प लिया था कि रिक्त पदों को प्राथमिकता पर भरा जाएगा। इसके बाद रिकॉर्ड भर्तियां हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीआई जांच के जरिए भर्ती प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि सरकार का उद्देश्य पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ भर्ती करना है। सरकार भर्ती में देरी के कारण किसी भी युवा के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

### नया अल्पसंख्यक शिक्षा कानून लागू किया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में नया अल्पसंख्यक शिक्षा कानून लागू किया है। इस कानून के अंतर्गत एक जुलाई 2026 के बाद से उत्तराखंड में केवल वहीं मदरसे संचालित हो पाएंगे, जिनमें हमारे सरकारी बोर्ड द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम पढ़ाया जाएगा। साथ ही, मदरसे में पढ़ाने वाले धार्मिक गुरु जो बिना किसी शैक्षिक योग्यता के केवल धार्मिक आधार पर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे थे, उन पर भी लगाम लगेगी।

## उत्तराखंड एकीकृत उद्यानिक विकास परिषद की कार्यशाला में परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर




देहरादून। औद्यानिकी को बढ़ावा देने की दिशा में जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जाइका) से प्रायोजित उत्तराखंड एकीकृत उद्यानिक विकास परिषद के अंतर्गत उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उत्तराखंड उद्यानिकी परिषद सर्किट हाउस देहरादून में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। 22 से 24 सितंबर तक चली इस कार्यशाला में परियोजना को क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावी रूप से प्रारंभ करने की तैयारी मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

अभिमुखीकरण कार्यक्रम का मुख्य फोकस फील्ड स्तर पर फसल योजना बनाना, शंकाओं का समाधान करना, सभी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और परियोजना के संबंध में स्पष्ट दिशा निर्देश प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में जिला क्रियान्वयन इकाई, क्लस्टर आधारित व्यवसाय संगठन तथा किसान उत्पादक संगठन के पदाधिकारियों ने चार लक्षित जनपदों–गढ़वाल मंडल के टिहरी व उत्तरकाशी और कुमाऊँमंडल के पिथौरागढ़ व नैनीताल से भागीदारी की। इस अवसर पर उप परियोजना निदेश-ाक डॉ. रतन कुमार, डॉ. सुरेश राम, नरेंद्र यादव, महेन्द्र पाल, रक्षा भट्ट, दीपिका शर्मा आदि मौजूद थे।

## डॉक्टर पर कार्रवाई से चिकित्सा संघ नाराज, आंदोलन की दी चेतावनी

बागेश्वर। जिला चिकित्सालय में बीती 10 जुलाई को सैनिक के बेटे की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोप था कि फौजी के बेटे को पांच अस्पतालों के चक्कर काटने के बावजूद उचित इलाज नहीं मिल पाया। जिसके बाद सरकार ने बच्चे की मौत के प्रकरण में गंभीर लापरवाही बताते हुए अस्पताल में तैनात दोषी चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

उत्तराखंड प्रांतीय चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा संघ ने अस्पताल में तैनात चिकित्सकों पर की गई कार्रवाई का तीखा विरोध किया है। सरकार से आर–पार की लड़ाई का मन बनाया है। संघ के मुताबिक, बागेश्वर के डॉक्टरों के विरुद्ध की गई मनमानी और एक तरफा की गई कार्रवाई का वह विरोध करते हैं। 10 जुलाई 2025 को एक बच्चा जो की अत्यंत गंभीर अवस्था में दिमागी बुखार से पीड़ित था, उसे शाम 6 जिला चिकित्सालय बागेश्वर लाया गया था।

## सीएम धामी ने किया सहस्त्रधारा क्रॉसिंग बाजार का भ्रमण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून स्थित सहस्त्रधारा क्रॉसिंग बाजार का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में राज्य की भूमिका पर बल दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना न केवल हमारी परंपराओं और स्थानीय उद्योगों को मजबूत करता है बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराता है। मुख्यमंत्री ने दुकानदारों से साफ–सफाई, ग्राहक सुविधा और बाजार व्यवस्थापन पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा



हेतु प्रयासरत है तथा व्यापारिक गतिविधियों के लिए अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी और विधायक उमेश शर्मा काऊभी मौजूद थे।

# खेत, खलियान, निजी भवन, का अधिकाधिक मुआवजा बट जाए आज रात तक: डीएम

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल आपदाग्रस्त क्षेत्र में भीतरली, कंडरियाना क्षेत्र में भ्रमण कर क्षेत्रवासियों की समस्या को सुना तथा अधिकारियों को युद्धस्तर पर कार्य करते हुए जनजीवन सामान्य बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट प्रतीक्षा न करें सीधे युद्धस्तर पर कार्यवाही करते हुए जनजीवन सामान्य बनाने में जुट जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि खेत, खलियान, निजी भवन, ग्रामीण मार्ग, पुलिया, बिजली–पानी 02 दिन अन्तर्गत दुरुस्त हो जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को क्षेत्र में ही कैम्प करने के निर्देश दिए हैं। मजाड़ा,



कार्लीगाड, फुलेत छमरोली के बाद आपदा प्रभावित पूर्ण रूप से कट ऑफ भितरली कंडरियाणा क्षेत्र में फिर पूरा प्रशासनिक अमला ऑन ग्राउण्ड हुआ। गाढ, गदेरे, ढौंड–ढंगार लांघते 05 किमी दुर्गम मार्ग पार कर डीएम प्रभावितों तक पंहुचे और उनकी पीड़ा साझा की इस दौरान उन्होंने आपदा से क्षति का जायजा भी लिया।

## जिलाधिकारी सविन बंसल की पहल, स्वान के कॉप्स होंगे आधुनिक

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल की पहल पर जिले में प्रथम बार जनपद के सभी कॉप्स को आधुनिक और हाईटेक बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक कॉप्स को कंप्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए गए.इस अवसर पर चकराता, त्यूनी, विकासनगर, सहसपुर, रायपुर, डोईवाला, ऋषिकेश में स्थापित काप्स को कम्प्यूटर प्रिंटर उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि "डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत कॉप्स को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित करना आवश्यक है, ताकि आमजन को शासन–प्रशासन से जुड़ी सेवाओं के लिए असुविधा न हो और उन्हें समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध हो सकें।" उन्होंने बताया कि अब कॉप्स के माध्यम से प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रकार के आवेदन पत्र, राजस्व संबंधी सेवाएँ एवं अन्य शासकीय सेवाएँ और भी सुगमता से प्राप्त की जा सकेंगी। इससे ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के नागरिकों को सुविधा होगी तथा अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कॉप्स संचालकों को नई तकनीक के अनुरूप प्रशिक्षण भी दिया जाए, जिससे वे आधुनिक उपकरणों का बेहतर उपयोग कर सकें और सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार हो। इस अवसर पर प्रभारी सूचना विज्ञान अधिकारी अंकुश पांडे ई डिस्टिक मैनेजर हरेंद्र कुमार सहित अधिकारी एवं कॉप्स संचालक उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com